
हादसा | महाराजपुर के नादिया के पास देर रात हुई घटना, टक्कर मारकर बिजली का खंबा तोड़ता हुआ भागा वाहन, चालक की तलाश में जुटी पुलिस

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को रौंदा, मौके पर ही मौत









**मंडला, नवभारत।** जिले के महाराजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पिंडरई रोड पर मंगलवार की देर रात दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहाँ तेज रफ्तार में आ रहे एक अज्ञात भारी वाहन ने मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पर सवार तीनों व्यक्तियों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही महाराजपुर थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू की।

जानकारी अनुसार यह हृदय विदारक घटना महाराजपुर थाना क्षेत्र के पिंडरई रोड पर जामुन तिराहे और नादिया के समीप घटित हुई। मृतकों की पहचान उमेश सिंगौर 42 वर्ष पिता चिरौंजी लाल सिंगौर निवासी ग्राम नादिया, भुवन सिंगौर 36 वर्ष पिता मनीलाल सिंगौर निवासी ग्राम नादिया और मुन्ना भांवरे 50 वर्ष पिता मंगल भांवरे निवासी ग्राम पेटेगांव के रूप में हुई है। तीनों मृतक देर रात बाइक से अपने गंतव्य की ओर जा रहे थे, इसी दौरान पीछे से काल बनकर आए अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

### बिजली आपूर्ति हुई ठप

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुर्घटना को अंजाम देने के बाद अज्ञात वाहन का चालक रुकने के बजाय और तेज रफ्तार में गाड़ी भगा ले गया। भागने की आपाधापी में बेकाबू वाहन सड़क किनारे लगे एक बिजली के पोल से भी जा टकराया, जिससे वह खंभा पूरी तरह टूट गया। इस वजह से क्षेत्र की बिजली आपूर्ति भी कुछ समय के लिए ठप हो गई।

### हादसे की जांच में जुटी पुलिस

हादसे की खबर लगते ही महाराजपुर थाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने तीनों शवों को पंचनामा बनाकर अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। महाराजपुर थाना प्रभारी क्रांति कुमार ब्रम्हे ने बताया कि शुरुआती जांच में किसी अज्ञात भारी वाहन द्वारा टक्कर मारे जाने की बात सामने आई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर फरार वाहन और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है। इसके लिए क्षेत्र के विभिन्न मार्गों और नाकों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।



# सात दिवसीय संगीतमय रामधुन प्रारंभ

**पहले दिन जनप्रतिनिधियों और संतों ने किया राम दरबार का पूजन**

**मंडला।** मां नर्मदा के पावन तट माहिष्मति घाट पर बुधवार से सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम धुन का शुभारंभ हो गया है। पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान के पहले दिन राम दरबार, बाबा भोलेनाथ और बांके बिहारी लाल की विधि-विधान और वेदोक्त मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, स्वामी रामदास महाराज, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नरेश कछवाहा, सामाजिक कार्यकर्ता नीरज अग्रवाल, विजय अग्रवाल और पर्यावरण प्रेमी राजेश क्षत्री ने दीप प्रज्वलित कर और आरती उतारकर रामधुन का शुभारंभ कराया। इस गरिमामय अवसर पर माहिष्मति घाट के सेवादार और स्थानीय पंडित मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

**अंजनीया वाले गुरुजी के मार्गदर्शन में हो रहा आयोजन-** सामाजिक कार्यकर्ता सुधीर कांसकार ने बताया कि यह सात दिवसीय रामधुन फट्टी वाले बाबा के शिष्य अंजनीया वाले गुरुजी के सानिध्य और कुशल मार्गदर्शन में आयोजित की जा रही है।

# ढाबे सहित कई ठिकानों से 42 लीटर अवैध शराब जब्त

**अवैध शराब और बियर के साथ आरोपी गिरफ्तार, आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज**

**मंडला।** जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, भंडारण और क्रय, विक्रय के खिलाफ प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे के कड़े निर्देशन तथा प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी शैली सैयाम के कुशल मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा मंडला वृत्त के अंतर्गत एक विशेष दबिश अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई के दौरान विभाग ने भारी मात्रा में अवैध देशी व विदेशी मदिरा जब्त कर आरोपियों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं।

आबकारी विभाग को लंबे समय से जनसुनवाई के माध्यम से अवैध शराब बिक्री की शिकायतें मिल रही थीं। इसी आधार पर आबकारी दल ने मंडला शहर से सटे ग्राम जंतीपुर के कुदई टोला में अचानक दबिश दी। ग्रामीणों की मौजूदगी में संदिग्ध ठिकानों की विधिवत तलाशी ली गई। इस दौरान तीन अलग-अलग स्थानों से कुल 22 लीटर हाथ भट्टी से बनी कच्ची शराब बरामद की गई।

**महिला के घर से भी पकड़ी गई शराब-**कार्रवाई का यह सिलसिला यहीं नहीं रुका। आबकारी टीम ने मंडला शहर के झूला पुल और सकवाह पुरवा क्षेत्र में भी घेराबंदी कर दबिश दी। यहाँ एक महिला के रिहायशी मकान से तलाशी के दौरान 12 नग विदेशी मदिरा और 8 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई। इसके साथ ही क्षेत्र के प्रसिद्ध स्टार ढाबा पर भी आबकारी विभाग ने छापा मारा, जहाँ से 12 बोतल बियर और 10 नग विदेशी मदिरा अवैध रूप से रखी हुई पाई गई, जिसे मौके पर ही जब्त कर लिया गया। आबकारी विभाग ने इन सभी मामलों में मुस्तैदी दिखाते हुए संलिप्त आरोपियों के खिलाफ मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत पृथक-पृथक प्रकरण पंजीबद्ध किए हैं। अधिकारियों के अनुसार, विभिन्न ठिकानों से जब्त की गई इस पूरी मदिरा की कुल अनुमानित कीमत लगभग 10,080 रुपये आंकी गई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अवैध शराब के इस काले कारोबार को पूरी तरह से नेस्तनाबूद करने के लिए आगे भी इस तरह की औचक कार्रवाइयां लगातार जारी रहेंगी।







# नारायणगंज में महंगाई की अर्थी निकाल जताया विरोध

**बढ़ती महंगाई और नीट पेपर लीक के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन**

**नारायणगंज, नवभारत।** देश में लगातार बढ़ती कमरतोड़ महंगाई, पेट्रोल-डीजल के आसमान छूते दामों और युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले नीट परीक्षा पेपर लीक मामले के विरोध में आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नारायणगंज के तत्वावधान में विशाल विरोध प्रदर्शन किया गया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ अनोखा आक्रोश जताते हुए 'महंगाई की अर्थी' निकाली और नगर में भ्रमण करते हुए जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद ब्लॉक कांग्रेस द्वारा राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया।



### वरिष्ठ नेताओं सहित कार्यकर्ताओं की रही मौजूदगी

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल ज्योतिषी, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष रितेश सोनी और यूथ कांग्रेस अध्यक्ष प्रियांश अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी और मंडलम अध्यक्षों सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रदर्शन के दौरान वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी मानन लाल सोनी, रघुनंदन विश्वकर्मा, गुलाब परस्ते, अशोक पटेल, नरेश सोनी, गुन्ना सिंगरोरे, प्यारी बाई, रीना परते, बलराम साहू, विपिन सोनी (आर), विपिन सोनी, संदीप सोनी, हिरदेश साहू, रुक्मणी कूड़ापे, बंटू सेन, आकाश सेन, गुलाब, पुन्ना लाल, मुकेश सोनी, सुबोध सोनी, अंतराम, संजय साहू, संजय भवेदी, अनिल यादव सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंत में युवा और ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि यदि सरकार ने जल्द ही महंगाई पर लगाम नहीं लगाई और पेपर लीक के दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की, तो आगे इससे भी उग्र आंदोलन किया जाएगा।

**युवाओं के भविष्य सहित जेब पर डाका डाल रही सरकार : चैन सिंह वरकड़े**

प्रदर्शन में मुख्य रूप से उपस्थित निवास विधानसभा के विधायक चैन सिंह वरकड़े ने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आज रसोई से लेकर ईंधन तक सब कुछ आम आदमी की पहुंच से बाहर हो चुका है। वहीं दूसरी ओर, हश्वश्वञ्ज जैसी देश की प्रतिष्ठित परीक्षा का पेपर लीक होना यह साबित करता है कि सरकार युवाओं को रोजगार देने और निष्पक्ष परीक्षा कराने में पूरी तरह फेल हो चुकी है। विधानसभा प्रभारी राजेश तिवारी एवं जगदीश सैनी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता और युवाओं के हक की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक पूरी मजबूती से लड़ेगी।

# ध्रुव चरित्र और भक्त प्रहलाद का प्रसंग सुन श्रद्धालु हुए भाव-विभोर

**राजीव कॉलोनी झंडा चौक में भागवत कथा की बह रही बयार**



**मंडला।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम पंचायत देवदरा अंतर्गत आने वाले राजीव कॉलोनी, झंडा चौक में इन दिनों भक्ति और आध्यात्म की अविरल गंगा बह रही है। यहाँ सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति की महिला मंडल द्वारा सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य धार्मिक आयोजन कराया जा रहा है। इस पावन कथा का वाचन प्रसिद्ध कथावाचक देवगाँव वाले पंडित कुलदीप महाराज कर रहे हैं। उनके मुखारविंद से बरस रहे भजनों और भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य व अलौकिक लीलाओं के वर्णन को सुनकर पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है।

कथा के तीसरे दिन व्यासपीठ से पुराण वाचक पंडित कुलदीप महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को ध्रुव चरित्र का अत्यंत भावपूर्ण और विस्तार से श्रवण कराया। उन्होंने बताया कि कैसे बालक ध्रुव ने अपनी सौतेली माता के कटु वचनों से आहत होकर, लेकिन अपनी अटूट श्रद्धा और दृढ़ संकल्प के बल पर घने जंगलों में कठिन तपस्या की। बालक ध्रुव की निष्काम और कठोर भक्ति से प्रसन्न होकर स्वयं भगवान नारायण को उन्हें दर्शन देने के लिए विवश होना पड़ा। महाराज जी ने इस प्रसंग के माध्यम से समाज को संदेश दिया कि यदि मनुष्य के भीतर दृढ़ संकल्प और ईश्वर के प्रति सच्ची निष्ठा हो, तो वह किसी भी कठिन परिस्थिति पर विजय प्राप्त कर परम पद को पा सकता है।

**रुद्राभिषेक में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़-** इस धार्मिक महोत्सव की खास बात यह है कि भागवत कथा के साथ इस पुरूषोत्तम मास में यहाँ अन्य पावन अनुष्ठान भी समानांतर रूप से संपन्न कराए जा रहे हैं। बुधवार की सुबह कथा स्थल पर पूरी विधि-विधान और वेदोक्त मंत्रोच्चार के साथ भव्य रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया।

# समान कार्य समान वेतन की मांग पर अड़े संविदा स्वास्थ्य कर्मी

**दूसरे दिन भी हड़ताल जारी, पूर्व विधायक ने दिया समर्थन**

**मंडला।** अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर जिले के संविदा स्वास्थ्य कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल दूसरे दिन बुधवार को भी जारी रही। इस बेमियादी आंदोलन के कारण पूरे जिले की स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह लड़खड़ा गई हैं। फील्ड से लेकर जिला अस्पताल और प्रशासनिक कार्यालयों तक का कामकाज ठप हो गया है। इस बीच, आंदोलनकारी कर्मचारियों को राजनीतिक गलियारों से भी समर्थन मिलना शुरू हो गया है। बुधवार को पूर्व विधायक और कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. अशोक मर्सकोले ने धरना स्थल पहुंचकर संविदा कर्मियों की मांगों को अपना पूर्ण समर्थन दिया।



संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने बताया कि शासन और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के आला अधिकारियों द्वारा हड़ताल को खत्म कराने लगातार प्रशासनिक दबाव बनाया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा कार्रवाई की धमकियां दी जा रही हैं, लेकिन कर्मचारी अपने हक की लड़ाई में पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। हड़ताल के दूसरे दिन भी जिले भर से आए विभिन्न कैडर के संविदा कर्मचारी बड़ी संख्या में धरना स्थल पर डटे रहे।

**नियमितीकरण और समान कार्य समान वेतन मुख्य मांग-** कर्मचारियों ने बताया कि उनकी मुख्य मांग मुख्यमंत्री द्वारा 30 जनवरी को भोपाल के दशहरा मैदान में की गई घोषणाओं को पूरा कराना है। इसके तहत संविदा कर्मियों का नियमितीकरण करने, वर्ष 23 की नीति अनुसार एनपीएस, स्वास्थ्य बीमा, 10 प्रतिशत वार्षिक वेतनवृद्धि, नियमित कर्मचारियों की तरह महंगाई भत्ता व अवकाश की पात्रता देने की मांग शामिल है। इसके अलावा समान कार्य समान वेतन लागू करने, सीएचओ के वेतन में पीबीआई का समायोजन, वेतन विसंगतियों को दूर करने और सार्थक एप को तत्काल बंद करने जैसी प्रमुख मांगें शामिल हैं।

प्रेरणादायक | नैनपुर के मछुआरों की आत्मनिर्भरता बनी मिसाल, बिना सरकारी मदद के तालाब का गहरीकरण कर दूर किया गांव का जल संकट

# निजी खर्च पर ट्यूबवेल लगाकर सूखे तालाब को बनाया बारहमासी



**नैनपुर, नवभारत।** जहाँ एक ओर देश के कई हिस्से भीषण गर्मी और जल संकट से जूझ रहे हैं, वहीं जिले के विकासखंड नैनपुर का ग्राम सकवाह कला जल संरक्षण और सामुदायिक सहभागिता का एक अनोखा और प्रेरणादायक मॉडल बनकर उभरा है।

गांव की एक मछुआ सहकारी समिति की दूरदर्शिता, कड़ी मेहनत और सामूहिक संकल्प ने एक मौसमी तालाब को बारहमासी जलस्त्रोत में बदल दिया है, जिससे पूरे गाँव में खुशहाली आ गई है।

साधनों के अभाव में मार्च आते ही सूख जाता था तालाब : सकवाह कला में स्थित 3.40 हेक्टेयर का पंचायत तालाब वर्षों से केवल मानसूनी बारिश पर निर्भर था। हर साल मार्च का महीना आते-आते यह पूरी तरह सूख जाता था, जिससे मत्स्य पालन, मवेशियों की प्यास और ग्रामीणों की दैनिक जरूरतें बुरी तरह प्रभावित होती थीं। इस गंभीर समस्या को वर्ष 2015 में गठित कबीर चौक मछुआ सहकारी समिति मर्यादित ने एक चुनौती के रूप में लिया। 45 सदस्यों वाली इस समिति ने पंचायत से तालाब को पट्टे पर लिया और संकल्प किया कि वे मछली पालन के साथ पानी भी बचाएंगे।

**किसान क्रेडिट कार्ड से जुटाए पैसे, खुद खोदा 250 फीट गहरा ट्यूबवेल**

समिति के सदस्यों ने बैंक से मिले किसान क्रेडिट कार्ड ऋण और स्वयं के अंशदान को मिलाकर लगभग 1.40 लाख रुपये की पूंजी जुटाई। इस राशि से तालाब के किनारे 250 फीट गहरा ट्यूबवेल खुदवाया गया और 3 एचपी की मोटर स्थापित की गई। अब गर्मियों में जैसे ही तालाब का जलस्तर घटने लगता है, ट्यूबवेल चालू करके तालाब को पानी से भर दिया जाता है। इस छोटे से नवाचार से तालाब की जल भंडारण क्षमता में 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, भूजल स्तर सुधरा है और मछुआरों की आय में भी 40 फीसदी का इजाफा हुआ है। समिति के अध्यक्ष नारायण झारिया गर्व से कहते हैं कि हमने अपने संसाधनों से ट्यूबवेल लगवाया, क्योंकि पानी रहेगा तभी मछली रहेगी और तभी गाँव आगे बढ़ेगा।

### दूसरे तालाब का भी किया कायाकल्प

इस बड़ी सफलता से उत्साहित होकर समिति ने जनवरी 2026 में गाँव के एक अन्य छोटे तालाब (0.21 हेक्टेयर) को भी पुनर्जीवित करने का बीड़ा उठाया। यह तालाब उथला होने के कारण सिर्फ चार महीने ही पानी रोक पाता था। समिति ने बिना किसी सरकारी आर्थिक सहायता के अपने कोष से 1.30 लाख रुपये खर्च कर इस तालाब का गहरीकरण कराया, जिससे इसकी जल धारण क्षमता कई गुना बढ़ गई। समिति के सचिव सरवन कुमार झारिया का कहना है कि सरकार से मदद की आस लगाने से पहले हमने खुद काम करके दिखाया। तालाब गहरा हुआ तो गाँव की सोच भी गहरी हो गई है। अब पानी के लिए संघर्ष नहीं, बल्कि पानी बचाने के लिए एकजुटता है। सकवाह कला का यह आत्मनिर्भर मॉडल आज पूरे मंडला जिले के अन्य गाँवों के लिए एक बड़ी सीख और प्रेरणास्त्रोत बन गया है।

## वरिष्ठ नागरिक सालिगराम अग्रवाल का निधन



**मंडला।** नगर के प्रतिष्ठित, वरिष्ठ एवं सम्मानित नागरिक सालिगराम अग्रवाल का बुधवार को निधन हो गया। उनके अवसान का समाचार प्राप्त होते ही स्थानीय नागरिकों, परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों में गहरे शोक की लहर दौड़ गई। श्री अग्रवाल अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। श्री सालिगराम अग्रवाल नगर में अपने अत्यंत सरल स्वभाव, उच्च सामाजिक व्यवहार और मिलनसार व्यक्तित्व के लिए जाने जाते थे। दिवंगत सालिगराम अग्रवाल की अंतिम यात्रा आज गुरुवार 4 जून को प्रात: 10 बजे उनके निज निवास श्रीराम वार्ड मंडला से खैरी मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी, ईश्वर से प्रार्थना है कि वे दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को संबल और संताप सहने की शक्ति दे।




# हम फाउंडेशन का दो मिनट राष्ट्र के नाम अभियान में गूंजा राष्ट्रीय गान

**मंडला।** हम फाउंडेशन भारत की जिला शाखा मंडला द्वारा राष्ट्रभक्ति और सामाजिक चेतना को बढ़ावा देने के लिए एक सराहनीय पहल निरंतर की जा रही है। इसी कड़ी में संस्था द्वारा प्रतिमाह की भांति आयोजित किए जाने वाले विशेष राष्ट्रगान कार्यक्रम दो मिनट राष्ट्र के नाम का आयोजन बीते दिवस प्रात: 9 बजे संपन्न हुआ। यह गरिमामयी कार्यक्रम माहिष्मति घाट स्थित गोंड़ी पब्लिक ट्रस्ट भवन प्रांगण में आयोजित किया गया, जहाँ शहर के प्रबुद्ध जनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होम गार्ड्स मंडला के डिस्ट्रिक्ट कमांडेन्ट एनके साहू रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री साहू, हम फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष एचपी झरिया एवं विवेकानंद शाखा के अध्यक्ष पुहुप सिंह भारत द्वारा भारत माता के तैलचित्र पर तिलक वंदन एवं पुष्पहार अर्पित कर किया गया। इसके ठीक पश्चात, प्रांगण में उपस्थित शहर के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों एवं बुद्धिजीवियों ने एक साथ स्वर मिलाकर सामूहिक राष्ट्रगान का गायन किया और देश के प्रति अपनी अगाध श्रद्धा व सम्मान व्यक्त किया। भजन और राष्ट्रभक्ति के इस माहौल के बीच एक आत्मीय पल भी आया, जब शहर के सुप्रसिद्ध समाजसेवी विजय अग्रवाल को उनकी वैवाहिक वर्षगांठ के सुअवसर पर संगठन द्वारा तिलक लगाकर और पुष्पहार पहनाकर बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।